<u>संशोधित प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का दुग्ध की नामी कम्पनी में चयन</u>

पंतनगर। 11 फरवरी 2021। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का देश की नामी कम्पनियों में अच्छे पैकेज पर चयन हो रहा है। इसी क्रम में दुग्ध क्रांति के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुकी कम्पनी गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड के लिए ऑनलाइन मेल के माध्यम से परिणाम घोषित किये गये। इस कम्पनी में चयन हेतु विश्वविद्यालय के 23 विद्यार्थियों द्वारा आवेदन किया गया। कम्पनी द्वारा ऑनलाइन साक्षात्कार के आधार पर 02 विद्यार्थियों को योग्य पाया, जिनमें बीटेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) के पीयूष शर्मा एवं प्रशान्त जोशी विद्यार्थी हैं। इन विद्यार्थियों को कम्पनी द्वारा प्रतिवर्ष **6.59 लाख रूपये** का पैकेज दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप, ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की। निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श, डा. दीपा विनय, ने इन सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। डा. विनय ने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थी की सफलता की कामना करता है।



***१. पीयूष शर्मा***



***२. प्रशान्त जोशी***

***कम्पनी में चयनित विद्यार्थी***